हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 17 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा




## खबर संक्षेप

### मितानिनों को बीपी ऑक्सीमीटर का किया गया वितरण

**हरदीबाजार।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हरदीबाजार के अंतर्गत उपस्वास्थ्य केंद्रों के अधीनस्थ 80 मितानिनों को बीपी ऑक्सीमीटर का वितरण प्राथमिक स्वास्थ्य में किया गया है उक्त मांगों को क्षेत्रीय जनपद सदस्य सनिता अनिल टंडन के द्वारा एसईसीएल दीपका प्रबंधन से बीपी ऑक्सीमीटर मांग किया गया था जिसे क्षेत्र के सभी ग्रामवासियों को इसका लाभ मिल सके तथा मितानिनों के माध्यम से लोगों के स्वास्थ्य को उत्तम बनाया जा सके। इसके लिए बीपी ऑक्सीमीटर का वितरण किया गया। इस अवसर पर हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सहायक चिकित्सा अधिकारी डॉ युद्धेश सांड आदि उपस्थित थे।

## निधन

### भैयालाल पाल



**कोरबा।** बालको नगर के मधुबन होटल के संचालक भैया लाल पाल का नागपुर के एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार बालको के स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में परिवार परिजन एवं व्यवसायी व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### चलते चार...

दो अन्य साथी फौरन बाहर निकल गए। उन्होंने देखा कि इसके साथ वाहन को आग की लपटों ने बुरी तरह से घेर लिया। आनन-फानन में आपदा प्रबंधन विभाग को इसकी जानकारी दी गई। कुछ देर के बाद सीएसईबी की बिजली परियोजना से दमकल यहां पहुंची। कर्मियों ने आवश्यक संसाधन के साथ अग्नि पर नियंत्रण का प्रयास किया। इस समय तक वाहन जलकर स्वाहा हो गया था। इस घटना ने लोगों को सोचने पर मजबूर किया है कि आखिर आवागमन के लिए कौन सा विकल्प उपयुक्त हो सकता है। ऑटोमोबाइल सेक्टर के जानकार कहते हैं कि इस तरह की घटनाएं गर्मी के मौसम में ज्यादा होती है। कई बार भीतर की वायरिंग के शॉर्ट होने के कारण ऐसा होता है। कुछ मामलों में मैन्युफेक्चरिंग इफेक्ट से भी आग लग जाती है। दूसरे और क्या कारण हो सकते हैं, यह जांच का विषय है।

## मनाई गई शनि जयंती और वट सावित्री पूजा

# अंचल के प्राचीन सिद्ध शनिदेव मंदिर में हुआ महाभंडारे का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शनिवार को जिले में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उत्साह के साथ श्रीशनि जयंती महोत्सव मनाया गया। अंचल के स्टेशन रोड सीतामढ़ी स्थित प्राचीन सिद्ध श्री शनिदेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर जय शनिदेव के जयकारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया।

श्री शनिदेव मंदिर में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान शनिदेव का विशेष पूजन-अर्चन, तेलाभिषेक एवं आरती संपन्न हुई। श्रद्धालुओं ने काला तिल, सरसों का तेल, उड़द और पुष्प अर्पित कर भगवान शनिदेव से सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विशाल महाभंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें साधु-संतों सहित हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मंदिर समिति एवं सेवाभावी युवाओं द्वारा भक्तों की सेवा में विशेष व्यवस्था की गई। पूरे दिन भक्तों का मंदिर में तांता लगा रहा। शनि जयंती के अवसर पर केवल मंदिरों में ही नहीं, बल्कि पूरे जिले के घर-घर में श्रद्धालुओं ने भगवान शनिदेव की पूजा-अर्चना कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कई स्थानों पर सुंदरकांड, भजन-कीर्तन और दीपदान कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। लोगों ने इसे आस्था, सेवा और सनातन संस्कृति के संगम का पर्व बताया। पूरे जिले में शनि जयंती को लेकर भक्तिमय माहौल बना रहा।



भंडारा में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

## महिलाओं ने विधि विधान से किया वट सावित्री की पूजा



ग्राम जवाली में महिलाओं ने श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ वट वृक्ष के नीचे पूजा-अर्चना की। लगभग चार दर्जन महिलाओं ने पति की दीर्घायु, परिवार की सुख-समृद्धि और अखंड सौभाग्य की कामना करते हुए विधि-विधान से व्रत पूजन किया। रामेश्वर महाराज के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार, आरती एवं सावित्री-सत्यवान कथा का आयोजन हुआ। महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा कर धागा बांधा और दीप प्रज्वलित किए। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भारतीय सनातन संस्कृति की सुंदर झलक देखने को मिली।

### बेलाकछार की महिलाओं ने की पूजा अर्चना

ग्राम बेलाकछार बालको नगर में महिलाओं ने व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु की कामनी की। जेष्ठ माह की अमावरुया तिथि शनिवार को सुहागन महिलाएं वट सावित्री व्रत पूजा करती है। अपने पति की लंबी आयु के लिए यमराज से मांगती है। आशीर्वाद भगवान सत्यवान की पूजा की वृक्ष की 108 परिक्रमा लगते हैं और साथ मौली धागा को वृक्ष में बानती है और घर आकर अपने पति से आशीर्वाद लेती हैं।


















4 ग्रामीण क्षेत्र के 12 स्थानों में बनाए जाएंगे स्टापडेम, बढ़ेगा सिंचाई का रकबा




## खबर संक्षेप

### लमना, नगोई एवं डोंगरी में शिविर का आयोजन 19 को

**कोरबा।** सुशासन तिहार अंतर्गत राज्य शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में आम जनता के समस्याओं के निराकरण करने, उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न कलस्टर ग्रामों में जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 19 मई को प्रातः 10 बजे से विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम लमना, पाली के ग्राम नगोई व कटघोरा के डोंगरी में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होंगे।

### पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 21 मई को

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल, रायपुर द्वारा आयोजित पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा 21 मई को प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 1.15 तक जिले के 2 परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी, जिसमें कुल 573 परीक्षार्थी शामिल होगें। परीक्षा के सफल संचालन हेतु व्यापम के निर्देशों के तहत सभी आब्जर्वर, केन्द्राध्यक्ष एवं उड़नदस्ता दल को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीओं के लिए निर्देश जारी किया गया है। परीक्षार्थियों के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम दो घंटे पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचना होगा, वहीं पुलिसकर्मी ढाई घंटे पूर्व अनिवार्य रूप से पहुंचेगे ताकि मेटल डिटेक्टर एवं फ्रिस्किंग जांच सुचारू रूप से की जा सके।

### अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन उपलब्ध

**कोरबा।** जिले में केन्द्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति के अंतर्गत कक्षा 1 से 10वीं तक के विद्यार्थियों को देय अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति के लिए आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन जारी किया जा सकेगा। सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार चिप्स द्वारा इस प्रमाण पत्र की ऑनलाइन सुविधा लाइव कर दी गई है। यह प्रमाण पत्र अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) एवं तहसीलदार कार्यालय के लोक सेवा केंद्रों में उसी प्रक्रिया के तहत उपलब्ध होगा, जिस प्रकार जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र ऑनलाइन जारी किए जाते हैं। आवेदन हेतु 10 रुपये के स्टाम्प पर शपथ पत्र, प्रमाण पत्र के निर्धारित प्रारूप में देना होगा।

### लेमरू पंचायत के सुशासन तिहार में पहुंचे मुख्यमंत्री, की विकास की घोषणाएं

# लेमरू में खुलेगा पोस्ट मैट्रिक छात्रावास और बनेगा एनीकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सुशासन तिहार के अंतर्गत आज कोरबा ब्लॉक के दूरस्थ ग्राम लेमरू में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय भी शामिल हुए।

**खास बात**

- मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की समस्याओं का किया जा रहा त्वरित निराकरण



हितग्राही को चेक देत सीएम विष्णुदेव साय, वित्त मंत्री ओपी चौधरी व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन सहित अन्य।



दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल वितरण करते जनप्रतिनिधि।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार सरकार की जनता तक सीधी पहुंच की कार्यशैली का प्रतीक और सेवा का माध्यम है। जिसके माध्यम से प्रदेशभर में जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने लेमरू के जनसमस्या निवारण शिविर में लेमरू क्षेत्र को विकास की अनेक सौगातें दीं। उन्होंने लेमरू में सिंचाई के लिए एनीकट तथा पोस्ट मैट्रिक छात्रावास की स्थापना की घोषणा की। इसके साथ ही ग्राम पंचायत अरसेना और ग्राम पंचायत नकिया में विद्युतीकरण का कार्य कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बरपानी से देवदुवारी तक विकास कार्य कराने तथा ग्राम डोकरमना, ग्राम पंचायत कुदरी चिंगार और चिरईझुंझ में नवीन प्राथमिक शाला भवनों के निर्माण की घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भी चैपाल लगाई थी। उन्होंने बताया कि इस शिविर में मंत्रीगण और सभी वरिष्ठ अधिकारी, कलेक्टर एवं एसपी स्वयं जा रहे हैं। एक ही स्थान पर सभी अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित कर समस्याओं के त्वरित निराकरण का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से 70 लाख महिलाओं के खातों में प्रतिमाह एक हजार रुपये दिए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने बताया कि प्रदेश के गरीब परिवारों के लिए प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराया जा रहा है। सरकार बनते ही 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति दी गई। प्रदेश में कुल लगभग 26 लाख आवास बनने हैं, जिनमें से 10 लाख आवास बनकर तैयार हो चुके हैं। सरकार ने प्रति मानक बोरा संग्रहण दर को 4 हजार रुपये से बढ़ाकर 5500 रुपये कर दिया है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आज उनकी भेंट पहाड़ी कोरवा जनजाति के लोगों से भी हुई है। पीएम-जनमन योजना के माध्यम से विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह की बसाहटों तक पक्की सड़कें, पीएम आवास, राशनकार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। अभी हाल ही में उनके बेहतर उपचार के लिए सर्वसुविधायुक्त एम्बुलेंस भी प्रदान की गई है।

### वित्त एवं उद्योग मंत्री ने भी किया संबोधित

शिविर को संबोधित करते हुए उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में 'मोदी की गारंटी' को बहुत ही अल्प समय में पूरा किया है। गाँव-गाँव तक विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर गरीबों एवं किसानों को लाभान्वित किया गया है। रिकॉर्ड कीमत पर धान की खरीदी करने के साथ ही 26 लाख पीएम आवासों का निर्माण कराया जा रहा है। वित्त मंत्री ओ.पी. चैधरी ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से समस्याओं के निराकरण के साथ ही सरगुजा से लेकर बस्तर तक विकास की नई इबारत लिखी जा रही है। शिविर में कलेक्टर कुणाल दुद्दावत ने भी संबोधित किया।

### प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रदान किए टैबलेट

सुशासन तिहार के अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कोरबा जिले के 18 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सभी विद्यार्थियों को शिक्षा एवं तकनीकी सहायता के लिए टैबलेट प्रदान किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

### मुख्यमंत्री के हाथों लाभान्वित हुए हितग्राही

लेमरू में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शासन की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेने पहुंचे। यहां उन्होंने पीएम आवास के एक हितग्राही के घर जाकर उनसे मुलाकात की और फीडबैक लिया। इसके साथ ही उन्होंने शिविर में अलग-अलग विभागों के तहत संचालित योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों को सामग्रियां और चेक वितरित किए। खाद्य विभाग के अंतर्गत शिविर में 33 हितग्राहियों को अन्त्योदय एवं प्राथमिकता श्रेणी के राशन कार्ड वितरित किए। मछली पालन विभाग द्वारा नीली क्रांति मछुआ सहकारी समिति कुरूडीह, कोसगाई दाई भूविस्थापित मछुआ सहकारी समिति गढ़उपरोड़ा और प्रगति मछुआ सहकारी समिति नगोईबछेरा को महाजालश प्रदान की गई।

# गोपालपुर इंडस्ट्रियल एरिया में अब तक नहीं लग सकी फूड प्रोसेसिंग यूनिट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फूड प्रोसेसिंग यूनिट को बढ़ावा देने के लिए जिलेमें तैयार हो रहे नए इंडस्ट्रियल एरिया में 12 एकड़ जमीन आरक्षित रखी गई है। कुल 80 एकड़ जमीन में नया इंडस्ट्रियल एरिया तैयार किया जाएगा। फिलहाल 38 एकड़ जमीन चिन्हांकित कर ली गई है।

**खास बातें**

- 12 एकड़ जमीन आबंटित की गई है खाद प्रसंस्सकरण के लिए
- कुल 80 एकड़ में तैयार होना है जिले का नया इंडस्ट्रियल एरिया




खरमोरा इंडस्ट्रियल एरिया के स्थापित होने के 30 साल बाद नया इंडस्ट्रियल एरिया दर्री-छुरी मार्ग के गोपालपुर क्षेत्र में तैयार हो रहा है। इसके लिए 80 एकड़ जमीन राजस्व विभाग से मांगी गई है। 38 एकड़ जमीन लगभग तय कर ली गई है। उक्त जमीन में 12 एकड़ जमीन में फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाई जाएगी। इसके लिए छोटे बड़े लघु उद्योगपतियों को उद्योग विभाग के द्वारा आमंत्रित किया गया है। बताया जाता है कि गोपालपुर नए इंडस्ट्रियल एरिया का फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने वाले उद्योगपतियों ने निरीक्षण भी किया है। किन्तु अब तक उद्योगपतियों ने फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने के लिए प्रक्रिया नहीं शुरू की है और न ही कोई रुचि दिखाई जा रही है। जिले में फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना होने से स्थानीय लोगों को रोजगार के साथ यहां उत्पादित होने वाले मौसमी फलों की भी खरीदी हो सकेगी। राज्य सरकार के द्वारा फूड प्रोसेसिंग यूनिट के लिए ज्यादा जोर दिया जा रहा है।

### महुआ और चिरौंजी की ज्यादा डिमांड

जिले में महुआ और चिरौंजी की डिमांड प्रदेश के साथ अन्य प्रदेशों में भी है। इनके लिए बाहर के व्यापारियों के द्वारा भी खरीदी की जाती है। जब से महुआ फूल की वनोपज समिति के द्वारा सरकारी खरीदी होने लगी है इससे ग्रामीणों को आर्थिक आय होने लगी है। इसी तरह चिरौंजी की मांग प्रदेश के अन्य जिलों के अलावा उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश, हरियाणा और पंजाब जैसे राज्यों से ज्यादा आ रही है। छत्तीसगढ़ की चिरौंजी विदेशों तक भी भेजी जा रही है। इसे देखते हुए कोरबा जिले में फूड प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना पर राज्य सरकार ने अपना ध्यान केन्द्रित किया है।

### छोटे समूह ने किया था प्रयास

जिले के ग्रामीण अंचलों के कुछ छोटे महिला स्व सहायता समूहों ने अपने स्तर पर महुआ व सीताफल से उत्पाद बनाने का प्रयास किया था। लेकिन मार्केट नहीं मिलने की वजह से उनका यह प्रयास सफल नहीं हो सका। पसान में सीताफल से उत्पाद बनाने की यूनिट लगाई गई थी। जो एक साल चलने के बाद बंद हो गई थी। पसान क्षेत्र में सीताफल की आवक ज्यादा होती है। इसे देखते हुए एनएलआरएम के तहत विहान योजना में महिला समूह ने इसका प्रयास किया था। इसी तरह कटघोरा क्षेत्र में महिला स्व सहायता समूह के द्वारा बेल के शरबत तैयार कर बाहर भेजने का काम लंबे समय तक किया। वर्तमान में वहां की स्थिति भी पूर्व की तरह नहीं बतायी जा रही है।

# चलती गाड़ी में लगी आग, बाल बाल बचे कार सवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-कटघोरा मार्ग पर शनिवार को सुबह एक चार पहिया वाहन में अचानक आग लग गई। इससे पहले कुछ समझ आता आग बढ़ता गया आनन फानन में कार में सवार तीन लोगों ने किसी तरह कार का दरवाजा खोलकर अपनी जान बचाई। आगजनी की सूचना मिलने पर सीएसईबी कोरबा वेस्ट की दमकल पहुंची और आगजनी पर काबू पाया लेकिन तब तक कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई थी।

**खास बात**

- दमकल की टीम पहुंचने से पहले कार जलकर खाक



जलती कार।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत कटघोरा मुख्य मार्ग पर जैलगांव क्षेत्र में यह घटना हुई। डेंटल सर्जन डॉ. विवेक रंजन महतो अपने दो साथियों सहित एसयूवी-700 से कटघोरा की तरफ जा रहे थे। जैलगांव क्रॉस होने से पहले ही अचानक उनकी गाड़ी में आग लग गई। इसका पता चलने पर डॉ और उनके ⏭ शेष पेज 2 पर

# आंधी-तूफान का कहर! तेज बारिश और अंधड़ से दहला शहर



तेज हवाओँ के साथ हुई बारिश के बीच भीगता नागरिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शनिवार शाम मौसम ने ऐसा रौद्र रूप दिखाया कि पूरा शहर सहम गया। तेज आंधी, मूसलाधार बारिश और धूलभरी हवाओं ने कुछ ही मिनटों में शहर की रफ्तार रोक दी। सड़कों पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया, कई इलाकों में पेड़ और होर्डिंग गिरने की खबरें सामने आईं, जबकि बिजली व्यवस्था भी घंटों तक प्रभावित रही।


अचानक बदले मौसम ने लोगों को संभलने तक का मौका नहीं दिया। बाजारों में भगदड़ जैसे हालात बन गए। लोग दुकानें बंद कर सुरक्षित जगहों की ओर भागते नजर आए। तेज हवाओं के कारण कई दोपहिया वाहन सड़क किनारे गिर गए, वहीं मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक रेंगता दिखा। शहर के कई हिस्सों में अंधेरा छा गया और बारिश के बीच बिजली गुल होने से लोग घरों में कैद हो गए। मौसम की मार से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया। कई इलाकों में जलभराव की स्थिति भी बन गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक आंधी इतनी तेज थी कि कुछ देर के लिए लगा जैसे पूरा शहर थम गया हो। मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों तक तेज हवाओं और बारिश की संभावना जताई है।

### कुदमुरा के कोसाबाड़ी में घुसा दंतैल, पौधों को पहुंचाया नुकसान

**कोरबा।** कुदमुरा व जटगा रेंज में हाथियों का उत्पात जारी है। जहां जटगा रेंज के धोबघट में हाथियों ने ग्रामीण के खेत में प्रवेश कर वहां लगे धान की फसल को रौंद दिया था वहीं बीती रात कुदमुरा रेंज में सक्रिय दंतैल हाथी ने यहां स्थित कोसाबाड़ी में घुसकर वहां लगे अर्जुन के पौधों को भारी नुकसान पहुंचाया है। दंतैल हाथी का उत्पात यहां काफी देर तक चला। इसके बाद दंतैल हाथी ने जंगल का रूख कर लिया और जाकर छिप गया। वर्तमान में दंतैल का लोकेशन पता नहीं चल रहा है। वन विभाग की टीम उसकी खोजबीन में जुटी हुई है। कोसाबाड़ी में पदस्थ चौकीदार द्वारा रात में हाथी के आने और उत्पात मचाने की सूचना वन विभाग को दिए जाने पर वन अमला मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गया है।







## खबर संक्षेप

### प्रशांत ने बोर्ड परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक किया अर्जित



**हरदीबाजार।** केंद्रीय विद्यालय एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के कक्षा 12वीं के छात्र प्रशांत राठौर ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। प्रशांत राठौर भठोरा प्रेम नगर निवासी अनिल कुमार राठौर एवं श्रीमती मंजू राठौर के सुपुत्र हैं। वे श्रीमती माधुरी सिंह राठौर के भतीजे हैं। प्रशांत की इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व शिक्षकों को दिया है।

### भाजयुमो मंडल हरदीबाज़ार की बैठक संपन्न



**हरदीबाजार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल हरदीबाज़ार द्वारा आगामी कार्यक्रम की तैयारी हेतु ग्राम रेंकी में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने की। बैठक में उपस्थित रहे,महामंत्री शिव नरायण यादव,केशु कश्यप, उपाध्यक्ष मुकेश ओगरे, रोबिन पटेल,मंत्री कमल किशोर, गुलशन टेकाम, भास्कर साहू, अमीर सिंह कोराम, प्रकाश सूर्यवंशी, रोशन कुमार, अमित पटेल, प्रेम सागर, रामगोपाल एवं अन्य युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर सभी कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी ने एकजुट होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।

### नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर आज

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी के नेतृत्व में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, जिला शाखा कोरबा द्वारा 17 मई को निःशुल्क मानसिक रोग निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर जैन भवन, पुराना बस स्टैंड, कोरबा में आयोजित होगा। शिविर में मुंबई के नायर हॉस्पिटल से संबद्ध क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट श्रीमती विनिता खंडूरी अपनी सेवाएँ प्रदान करेंगी।

### इंटर्नशिप योजना से युवाओं को मिलेगा रोजगारोन्मुख अवसर

**कोरबा।** जिले के युवाओं के लिए प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना एक सुनहरा अवसर लेकर आई है। इस योजना के अंतर्गत युवाओं को देश की प्रतिष्ठित कंपनियों एवं संस्थानों में इंटर्नशिप के माध्यम से कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें वास्तविक कार्य अनुभव प्राप्त होगा और भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध हो सकेंगे।

## बिजनेस साइट

### घंटाघर मैदान में स्वदेशी वस्तुओं की भरमार



**कोरबा।** देश की एकता, अखंडता एवं सुरक्षा को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर इन दिनों घंटाघर मैदान में स्वदेशी शिल्प महोत्सव का आयोजन किया गया है। जहां एक से बढ़कर एक नायाब कलेक्शन स्वदेशी वस्तुओं का देखने को मिल रहा है। देश को मजबूत एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए स्वदेशी वस्तुओं को खरीदने एवं उपयोग करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। उक्त प्रदर्शनी में किफायती दामों पर घरेलू एवं दैनिक रोजगार की वस्तुओं का प्रदर्शन एवं बिक्री की जा रही है। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदर्शनी में सूती वस्त्रों की विशाल रेंज लाई गई है। लखनवी चिकन सबसे किफायती एवं आरामदायक वस्त्रों में एक है। इसी प्रकार प्रदर्शनी में मेरठ की खादी, हरिद्वार की खादी, खादी गमछा, कुर्तियां, सूती साड़ी, सिल्क साड़ी, सहित लाखों वस्तुओं का अपार संग्रह एक ही छत के नीचे बोकारो वासियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। इसके साथ ही साथ प्रदर्शनी में सीतापुर की कॉटन मखमली दरी भदोही के कारपेट जूट बैग जींस बैग जयपुरी मुखवास कंज्यूमर आइटम में छूट दी जा रही है। प्रदर्शनी के संचालक अनुराग मिश्रा ने लोगों से आह्वान किया है कि भीषण गर्मी के हिसाब से आराम देह वस्त्रों की खरीदारी के साथ-साथ घरेलू वस्तुओं की खरीदारी भी करें। प्रदर्शनी का समय सुबह 11 से रात्रि के 10 बजे तक है। हथकरघा और हस्तशिल्प दोनों पर 10 से लेकर के 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। क्रेडिट और डेबिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध है।

# ग्रामीण क्षेत्र के 12 स्थानों में बनाए जाएंगे स्टापडेम, बढ़ेगा सिंचाई का रकबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में प्रदेश सरकार की लघु सिंचाई योजना के तहत स्थानीय स्तर पर काम शुरू हो गया है। सिंचाई का रकबा बढ़ाने के लिए ग्रामीण अंचल के 12 ऐसे स्थान हैं जिनका चयन स्टापडेम बनाने के लिए किया गया है। ये वो क्षेत्र हैं जहां सिंचाई के अब तक कोई भी कारगर साधन नहीं तैयार किए गए थे।

जिले में सिंचाई का रकबा 13 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। इस वर्ष 1 लाख 33 हजार हेक्टेयर खरीफ फसल का लक्ष्य रखा गया है। बीते वर्ष यह लगभग 92 हेक्टेयर तक ही रखा गया था। सिंचाई का रकबा बढ़ाने के उद्देश्य से उन क्षेत्रों का सर्वे किया गया जहां फसलों की पैदावार की संभावना ज्यादा है। लेकिन सिंचाई के साधन उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीण मानसून के भरोसे ही खरीफ की फसल लिया करते हैं। रबी की फसल की संभावना तो दूर की बात। यही कारण है कि जिले में पिछले कुछ वर्षों से प्रगतिशील किसानों का सम्मेलन सह प्रशिक्षण जैसे कार्य बंद पड़े हुए हैं। कृषि विभाग का मैदानी अमला भले ही योजनाओं पर अमलीजामा पहनाने की बात करता है लेकिन ग्रामीण कई योजनाओं से अभी भी दूर हैं। जिन 12 स्थानों में स्टापडेम बनाने की कार्ययोजना तैयार की गई है, उसमें पोड़ी उपरोड़ा व पाली विकास खंड की संख्या ज्यादा है। इन दोनों विकासखंड में खेती का रकबा अन्य विकासखंडों की तुलना में कम है।

### लघु सिंचाई योजना पर शुरू होगा काम



#### बांगो से नहीं मिलता पानी

सिंचाई के लिए पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड के ग्रामीणों को बांगो बांध से पानी नहीं मिलता। क्षेत्र में बहने वाले तान नदी, बम्हनी नाला एवं हसदेव नदी से मिलने वाले अन्य सहायक पहाड़ी नालों में स्टाम डेम बनाए जाएंगे। बांगो का पानी केन्द्र सरकार की मल्टी विलेज योजना के तहत आसपास के 225 गांवों में पेयजल के लिए उपलब्ध कराया जाएगा। इसलिए सिंचाई के लिए स्टापडेम के पानी का उपयोग करने के लिए कार्ययोजना बनाई गई है। इसके लिए डीएमएफ से राशि स्वीकृत की जाएगी।

## कोल इंडिया में आईआर कोड 2020 लागू करने की तैयारी

# कोल इंडिया में खत्म होगी यूनियनों की दावा राजनीति, अब सीक्रेट बैलेट से मिलेगी मान्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया में ट्रेड यूनियनों की राजनीति अब कर्मचारियों के वोट से तय होगी। आइआर कोड 2020 लागू होने की तैयारी

**खास बात**

- महिला प्रतिनिधि समेत लोकतांत्रिक ढांचा होगा मजबूत

के बीच सीक्रेट बैलेट व्यवस्था से यूनियनों की मान्यता मिलेगी। इससे दावा राजनीति खत्म होगी और महिला प्रतिनिधित्व समेत लोकतांत्रिक ढांचा मजबूत होने की उम्मीद है।

कोल इंडिया में ट्रेड यूनियनों की मान्यता और प्रतिनिधित्व का पूरा ढांचा बदलने जा रहा है। 8 मई को औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 के केंद्रीय नियमों की आधिकारिक अधिसूचना के बाद कंपनी और यूनियन हलकों में हलचल तेज हो गई है। कोल इंडिया प्रबंधन द्वारा गठित उच्चस्तरीय कमेटी ने आइआर कोड लागू करने की ठोस सिफारिशों के साथ अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। यदि सिफारिशें लागू होती हैं, तो वर्षों से चली आ रही हम सबसे बड़ी यूनियन वाली दावा राजनीति पर विराम लग जाएगा और यूनियनों की ताकत सीधे कर्मचारियों के वोट से तय होगी। मान्यता के नए फॉर्मूले के तहत चेक-ऑफ नहीं, अब वोट से ताकत, 51 प्रतिशत या अधिक वोट पाने वाली यूनियन बनेगी एकमात्र वार्ताकार यूनियन, 51 प्रतिशत नहीं होने पर 20 प्रतिशत वोट पाने वाली यूनियनों की वार्ताकार परिषद बनेगी, 20 प्रतिशत से कम वोट पाने वाली यूनियनों की पांच वर्षों तक मान्यता नहीं, केवल कट-ऑफ डेट तक मतदाता सूची में दर्ज कर्मचारी ही वोट करेंगे, पूरी प्रक्रिया केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त सत्यापन अधिकारी की निगरानी में होगी, चुनाव से मिली मान्यता पांच वर्षों तक वैध रहेगी, कोल इंडिया स्तर पर प्रतिनिधित्व की नई शर्त, कंपनी स्तर के मंचों पर प्रतिनिधित्व के लिए किसी यूनियन को कम-से-कम पांच अनुषंगी कंपनियों में 20 प्रतिशत वोट हासिल करना अनिवार्य होगा. तभी उन्हें वार्ताकारी परिषद में जगह मिलेगी। इसी प्रकार चार-स्तरीय वार्ता प्रणाली लागू की जाएगी। जिसके तहत कोल इंडिया मुख्यालय स्तर पर वेतन समझौता, कैडर-ग्रेड, स्टैंडिंग ऑर्डर, ट्रांसफर पॉलिसी, सब्सिडियरी स्तर पर कंपनी-विशिष्ट मुद्दे, एरिया स्तर पर क्षेत्रीय/संचालन संबंधी समस्याएं, प्रोजेक्ट/यूनिट स्तर पर स्थानीय कार्यस्थल के मुद्दे शामिल हैं। इसके अलावा, वर्क्स कमेटी और शिकायत निवारण कमेटी का गठन अनिवार्य होगा, जिनमें महिलाओं को अनुपातिक प्रतिनिधित्व देना होगा। इन समितियों में सदस्य केवल मान्यता प्राप्त वार्ताकार यूनियन/परिषद से नामित होंगे।



फाइल फोटो

### 90 दिनों का चुनाव कैलेंडर ड्राफ्ट होगा तैयार

तैयार किया जाएगा जिसके तहत पहले दिन कट-ऑफ डेट, मतदाता निर्धारण, दिन 0 से 3 दिनों के भतीर यूनियनों के आवेदन, 3 से 14 दिनों के भतीर दस्तावेजों की स्कूटनी, 15 से 18 दिनों के भतीर प्री-बैलेट मीटिंग, चुनाव चिह्न आवंटन, 20 वें दिन मतदाता सूची प्रकाशन, 71 से 75 दिनों के भतीर सीक्रेट बैलेट वोटिंग, 76 से 80 दिनों के भतीर मतगणना, परिणाम एवं 82 से 89 दिनों के भीतर प्रोजेक्ट, एरिया, सब्सिडियरी, सीआइएल स्तर पर मान्यता आदेश

### नियम लागू होने की टाइमलाइन

21 नवंबर 2025 से आइआर कोड प्रभावी है। केंद्रीय नियमों का मसौदा 30 दिसंबर 2025 को जारी हुआ. सलाह और सुझाव 28 फरवरी तक लिए गए। 1 अप्रैल से यह लागू होना प्रस्तावित था, लेकिन पांच राज्यों के चुनाव के कारण इसमें देरी हुई। 8 मई को अधिसूचना जारी होने के बाद अब निगाहें इस पर हैं कि कोल इंडिया में इसे कब से लागू किया जा रहा है। प्रबंधन और यूनियनों के बीच जल्द रणनीतिक बैठक की बात कही जा रही है। 1 मार्च के आंकड़ों के अनुसार, कोल इंडिया में 19,135 महिला कर्मी काम करती हैं। अब तक यूनियनों में उनका प्रतिनिधित्व औपचारिक समितियों तक सीमित रहा है, पर आइआर कोड के तहत वर्क्स कमेटी और शिकायत निवारण समिति में अनुपातिक भागीदारी अनिवार्य होगी।

# कांग्रेस की जांच समिति पहुंची वेदांता पावर प्लांट



प्लांट में निरीक्षण करती कांग्रेस जांच समिति के सदस्।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता थर्मल पावर प्लांट में हुए हादसे में 25 मजदूरों की मौत के मामले की जांच के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी की गठित समिति शुक्रवार को प्लांट पहुंची। समिति ने प्लांट प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों से घटनाक्रम की जानकारी ली व हादसे से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर जवाब मांगा।

**खास बात**

- पूर्व मंत्री जयसिंह ने कहा दोषियों पर हो कार्रवाई

कांग्रेस समिति ने हादसे से जुड़े कुछ निर्धारित बिंदुओं पर लिखित जानकारी मांगी है। प्रबंधन ने इसके लिए तीन दिन का समय मांगा है। बैठक के बाद पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि हादसे की तीन स्तर पर जांच चल रही है। जिला स्तर पर एसडीएम के नेतृत्व में जांच हो रही है। राज्य स्तर पर कमिश्नर की अगुवाई में जांच जारी है, जबकि केंद्र सरकार के निर्देश पर केंद्रीय तकनीकी टीम भी मामले की जांच कर रही है। कांग्रेस की जांच समिति भी पूरे घटनाक्रम की पड़ताल कर रही है ताकि हादसे की वास्तविक वजह सामने आ सके। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी अधिकारी या ठेका कंपनी की लापरवाही सामने आती है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। गिरफ्तारी को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि किसी भी मामले में जांच पूरी होने के बाद ही गिरफ्तारी का प्रावधान होता है। संभवतः इसी वजह से अब तक पुलिस ने गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं की है। इसके बाद समिति ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जिला प्रशासन के अधिकारियों से भी चर्चा की। जांच समिति का नेतृत्व पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने किया। उनके साथ पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल, पूर्व मंत्री नोबेल वर्मा, विधायक रामकुमार यादव, अटल श्रीवास्तव, बालेश्वर साहू, राघवेंद्र सिंह, शेषराज हरवंश, फूलसिंह राठिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष रश्मि गबेल, राजेश अग्रवाल और मुकेश राठौर मौजूद रहे। समिति ने वेदांता लिमिटेड छत्तीसगढ़ थर्मल पावर प्लांट, सिंघीतराई में प्रबंधन के जिम्मेदार अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान ओएंडएम हेड सुशीम बेहरा, एनजीएसएल प्लांट हेड राजेश सक्सेना, मेंटेनेंस हेड सुशील कुमार, ऑपरेशन हेड सरोज प्रसाद, अमोल महले और देवेंद्र कुमार पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# झोराघाट में डूबने से युवक की मौत, अस्पताल में हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


कटघोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित पिकनिक स्पॉट झोराघाट में शनिवार को एक परिवार के साथ पिकनिक मनाने गया हुआ था। इस दौरान एक युवक की नदी के गहरे पानी में नहाने गया और डूब गया। कटघोरा मेन रोड निवासी अलाउद्दीन पिता ताजुद्दीन शनिवार को अपने परिवार के साथ झोराघाट घूमने और पिकनिक मनाने पहुंचे थे। इसी दौरान वह नदी में नहाने उतरा। बताया जा रहा है कि नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों और परिजनों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह पानी की गहराई में समा चुका था। काफी प्रयास के बाद उसे बाहर निकाला गया। घटना के बाद परिजन गंभीर हालत में अलाउद्दीन को उपचार के लिए निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत के बाद अस्पताल परिसर में परिजनों और स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर समय पर उपचार और आपातकालीन सुविधा उपलब्ध नहीं कराने का आरोप लगाया है। सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामला को शांत कराया। पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

# कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर अपनाया जा रहा जीरो टॉलरेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन ने खदान में कार्यरत कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जीरो टॉलरेंस अपनाया है जिसके तहत दो पहिया वाहनों को खदान परिक्षेत्र में विगत आठ माह पहले से पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। वही कामगारों को सुरक्षित उनके कार्यस्थल तक पहुचने के लिए अतिरिक्त शिफ्ट बस और चार पहिया वाहन उपलब्ध कराया गया है।

ऐसे ऐतिहासिक फैसला लेने के कारण जहां एक ओर बाहरी स्थानीय लोगों का आवाजाही खदान क्षेत्र में बंद हो गया हैं वहीं दूसरी ओर कर्मचारियों के ड्यूटी जाने में घट रही दुर्घटनाओं पर भी संपूर्ण रूप से अंकुश लग गई है। देखने वाली बात यह है कि कामगारों के लिए ऐसे हितकारी फैसले को चार श्रमिक संगठनों ने अपना समर्थन देते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया है वहीं एक श्रमिक संगठन लगातार इस फैसले का विरोध करते हुए प्रबंधन पर दो पहिया वाहनों को प्रवेश देने का दबाव बनाता नजर आ रहा है। ऐसे मजदूर विरोधी आग्रह से यह साबित हो रहा है कि कथित संगठन गलत रुख अपनाने का प्रयास कर रहा है साथ ही मजदूरों के जिंदगी से खिलवाड़ करते दिख रहा है। अब देखना यह है कि क्या प्रबंधन क्या फैसला लेती है।



दुर्घटना रोकने लगाया गया बेरियर।

हरिभूमि बिलासपुर संभाग नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# मंच पर बुलाने के बाद भी नहीं पहुंचे रोजगार सहायक, अधिकारियों की बात कर दी अनसुनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले की ग्राम पंचायत केराकछार में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में कलेक्टर कुणाल दुदावत शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से सीधे मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और कई महत्वपूर्ण मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। शिविर में कुल 647 आवेदन प्राप्त होने की जानकारी सामने आई है।शिविर के दौरान ग्राम पंचायत कोरकोमा से एक ग्रामीण मनरेगा और प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़ी शिकायत लेकर पहुंचा था।

शिकायत की जानकारी मिलते ही अधिकारियों ने संबंधित रोजगार सहायक को मंच के पास बुलाने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि रोजगार सहायक ने अधिकारियों की बात को अनसुना करते हुए मंच तक पहुंचना उचित नहीं समझा। इस घटना के बाद शिविर में मौजूद लोगों के बीच नाराजगी देखी गई। ग्रामीणों का कहना है कि वनांचल क्षेत्र के लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है और जिम्मेदार कर्मचारियों पर प्रशासनिक दबाव भी नजर नहीं आ रहा है। इसी बीच केराकछार में पीएम आवास योजना में गड़बड़ी और लापरवाही के मामले भी सुशासन तिहार शिविर में सामने आए। जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने रोजगार सहायक अमृत राठिया को मंच पर बुलाकर फटकार लगाई और लंबित आवासों को समय सीमा में पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



शिविर में शामिल ग्रामीण।

